एक नजर में

तृतीय एफएलएन बाल मेला आयोजित

शाजापुर। विद्यार्थियों के सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा के अंतर्गत शासकीय शालाओं में संचालित शिशु कक्षाओं के साथ एफएलएन कक्षाओं के विद्यार्थियों का एफएलएन मेला शनिवार को जिले की सभी शालाओं में आयोजित किया गया। जिसमें जिले से डाइट फैकल्टी, डीपीसी, एपीसी, बीआरसीसी, बीएसीए सीएसी एवं अन्य अकादमिक अमले ने शालाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। जानकारी देते हुए डीपीसी धीरज बिरथरिया ने बताया कि बालवाटिका कक्षाओं के विद्यार्थियों की गतिविधियों को उनके अभिभावकों के समक्ष करवाकर विद्यार्थियों के प्रगति पत्रक भी प्रदान किए गए। वहीं एफएलएन कक्षाओं के विद्यार्थियों ने मेले में शैक्षिक एवं रोचक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर अभिभावकों एवं अनुवीक्षण कर्ताओं का मन मोहा। डाइट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, डीपीसी धीरज बिरथरिया, बीआरसीसी योगेश भावसार, डाइट व्याख्याता महेश भेसानिया, बीएसी देवेंद्र पाठक, सुनील विश्वकर्मा, जनशिक्षक लोकेश राठौर, महेश शर्मा, शिव नारायण कराड़ा ने मावि महुपुरा, एमएलबी मावि, मावि टुकराना का अवलोकन किया।

सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर छात्रों ने लिखा निबंध



शुजालपुर। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुरुपयोग एवं उससे होने वाली पर्यावरणीय हानियों को लेकर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और उसके विकल्पों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इको क्लब के माध्यम से महाविद्यालय में लगातार पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो रही है, उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भविष्य में पर्यावरण सुधार एवं नवाचार से जुड़ी पहल को बढ़ावा देंगे। प्रतियोगिता पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल द्वारा प्रायोजित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। इस दौरान विज्ञान संकाय के डॉ। तुषार यादव, डॉ। सुनील कुमार मित्तल, किशोर विश्वकर्मा, संगीता सोनी, पूजा सांखला, जयेश मालवीय, डॉ। सुनील मेवाडा, डॉ। सौरभ नेमा, डॉ। अर्पिता शुक्ला, डॉ। शाकिब मलिक, भूपेन्द्र परमार, विनय सिंह वर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

नहीं रहे कमजोर वर्ग को सस्ते में सेवाएं देने वाले डॉक्टर

शुजालपुर। शहर ने रविवार को एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाती रहेगी। वरिष्ठ चिकित्सक, समाजसेवी एवं अन्नपूर्णा सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ। पुरुषोत्तम शास्त्री का 29 मार्च 2026 को निधन हो गया। उनके देहावसान का समाचार मिलते ही शुजालपुर सहित पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो उठी। डॉ. शास्त्री केवल एक चिकित्सक ही नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और संस्कारों की सजीव प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कमजोर वर्ग को सस्ते व सुलभ रूप से उचार देने में व्यतित किया, डॉ। शास्त्री ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, निस्वार्थ चिकित्सा सेवा और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। सप्तऋषि भवन एवं अन्नपूर्णा सेवा समिति सहित अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी उनके समाज के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाती रही, उनकी सादगी, सहजता और मिलनसार व्यक्तित्व ने हर वर्ग के लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। जरूरतमंदों के लिए उनका द्वार सदैव खुला रहता था और उनकी संवेदनशीलता ही उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। डॉ। पुरुषोत्तम शास्त्री की अंतिम यात्रा 30 मार्च को प्रात: 10 बजे उनके निज निवास, एमजी रोड, शुजालपुर मंडी से शांतिवन के लिए प्रस्थान करेगी, जहां उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी।

जिला न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए पानी के बर्तन, सकोरे रखवाए गए

शाजापुर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की मंशानुरूप एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य में तथा समस्त न्यायाधीशगण की विशेष उपस्थिति में आज जिला न्यायालय परिसरए शाजापुर में पक्षियों को गर्मी से बचाव के लिए पानी एवं दाना रखने के लिए मिट्टी के बर्तन सकोरे वृक्षों पर लगाए जाने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए वृक्षों पर मिट्टी के बर्तन सकोरे लगवाकर बताया गया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जल की कमी के कारण उन्हें अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घर, कार्यालय, बालकनी, छत अथवा बगीचे में मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों की रक्षा हेतु उनके आवास, आहार एवं चिकित्सा की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए तथा उनके रहने के स्थान को छायादार एवं हवादार बनाया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर न्यायाधीशगण जितेन्द्र कुमार परासर, दिनेश कुमार नोटिया, दिलीप सिंह, श्रीमती रंजिता राव सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती नमिता बौरासी, न्यायाधीशगण श्रीमती प्रेमलता गोयल, सुश्री अनुष्का शर्मा, सतीश कुमार शुक्ला, श्रीमती शिखा शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष करण सिंह गुर्जर सहित अन्य अभिभाषकगण, एलएडीसीएस के पदाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कबीर फाउंडेशन ने किया नारी सम्मान समारोह

शाजापुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अभा बलाई समाज और कबीर फाउंडेशन के तत्वाधान में राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, तराना विधायक महेश परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ। रवि पांड, अखिल भारतीय बलाई समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिलीपसिंह बामनिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनार्धन लाड़ना, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मी नारायण बंगाली, भाजपा जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील मालवीय, नगर मंडल अध्यक्ष पं।आशीष नागर, महामंत्री गोविंद नायक, रामचंद्र चौहान, बाबूलाल गोयल आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि कबीर फाउंडेशन के माध्यम से समाज जो समरसता का कार्य कर रहा है वह अनुकरणीय है। उन्होंने बलाई समाज धर्मशाला के लिए 26 लाख रुपए की विधायक निधि से देने की घोषणा भी की। आलोट विधायक मालवीय ने कहा कि नारी ही राष्ट्र की आत्मा है नारी का सम्मान ही हमारा राष्ट्र का सम्मान है भीमराव अंबेडकर जी ने हिन्दू कोड बिल के माध्यम से नारी शक्ति को बराबरी का अधिकार दिलाया। उन्होंने कहा की आज हमारे देश की प्रथम नागरिक भी महिला है और इसका श्रेय भीमराव अंबेडकर जी के रचित संविधान को जाता है। कार्यक्रम को तराना विधायक महेश परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रो में कार्यरत मातृशक्ति का सम्मान मंचासीन अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में राधेश्याम मालवीय, टीआर सिसोदिया, रामचन्द्र पारस, नारायणसिंह मालवीय, धर्मसिंह मालवीय आदि उपस्थित थे।

जमीन विवाद में तीन आरोपियों को भेजा जेल

शहर में खुलेआम लहराई पिस्टल, पुलिस कार्रवाई में कोई उल्लेख नहीं, परिजन ने थाने के बाहर किया प्रदर्शन

शुजालपुर। मंडी थाना क्षेत्र के अकोदिया मार्ग पर शनिवार की दोपहर को एक ही परिवार के दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने जानलेवा हमला करने के इन आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए।

पुलिस द्वारा पकड़े गए उक्त आरोपियों के परिजनों ने कई घंटों तक पुलिस थाने पर धरना प्रदर्शन भी किया और आरोप लगाया कि 85 वर्ष के जो वृद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने आए थे उन्हे ही गिरफ्तार कर लिया गया, उधर पुलिस का कहना है कि जिनकी गिरफ्तारी हुई है वे विवाद में मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे और उनके विरूद्ध शिकायत भी दर्ज हुई है। हालांकि पुलिस पर इस मामले में भेदभाव का आरोप भी

लगाया जा रहा है।

अकोदिया रोड पर तहसील की और जाने वाले मार्ग के पास हुए इस विवाद के वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है, जिसमें खौफनाक तस्वीरे सामने आ रही है, आम मार्ग पर तलवार और लकड़ी सहित अन्य हथियार खुलकर चल रहे हैं, बता दें पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जिसमें से एक पक्ष के विरूद्ध गंभीर धाराएं हैं। इस विवाद में भाजपा समर्थित एक पार्षद भी शामिल होने से मामला और तुल पकड़ रहा है। मंडी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक पक्ष के सादाब पिता हफीज खां निवासी टीला शुजालपुर की शिकायत पर लल्लू पिता रसूल खां, समीर पिता लल्लू, हसीन पिता रसूल खां, वसीम पिता रसीद खां, आसू खां उर्फ ओसामा पिता प्यारे खां तथा रसूल खां पिता चांद खां के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। उधर दूसरे पक्ष के फरियादी रसूल पिता चांद खां 85 वर्ष निवासी वन विभाग कार्यालय के पास की शिकायत पर साहिल पिता सईद, हफीज पिता मोहम्मद खां, सादाब पिता हफीज खां व सईद पिता मोहम्मद खां के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उक्त विवाद के मामले में तीन आरोपी रसूल खां, आसू उर्फ ओसामा एवं वसीम पिता रसीद खां को गिरफ्तार किया है।

घटना स्थल पर लहराई पिस्टल...

पुस्तैनी जमीनी विवाद में जो मारपीट की घटना और खूनी संघर्ष हुआ वह समीप में स्थित एक होटल के बाहर लगे कैमरे में कैद हुई, जिसमें तलवार, लकड़ी के अलावा पिस्टल भी दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि विवाद के दौरान एक युवक बाइक से मौके पर आता है और बाइक खडी कर अपनी जेब से पिस्टल निकालकर दूसरे पक्ष की और निशाना लगाते हुए दिखाई दे रहा है, साथ ही यह पिस्टल लेकर दूसरे और भी जाते हुए दिखाई दे रहा है।पुलिस में दर्ज हुई दोनों एफआईआर में पिस्टल का कोई उल्लेख नहीं है।

इनका कहना है

अकोदिया रोड पर हुए विवाद के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। घटना स्थल पर पिस्टल लेकर युवक आने की जानकारी आज वीडियों सामने आने के बाद मिली है, इस संबंध में आगामी कार्यवाही की जाएगी। दोनों पक्षों की और से की गई शिकायत में पिस्टल लहराने या उससे धमकाने का कोई उल्लेख नहीं हुआ।

तेजप्रकाश बोहरे, उपनिरीक्षक पुलिस थाना मंडी

श्री परशुराम प्राकट्योत्सव की तैयारी, महिला शाखा के संयोजक घोषित

शाजापुर। भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव कार्यक्रम को लेकर सर्व ब्राह्मण द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। रविवार को समाज की महिला शाखा की बैठक नईसड़क स्थित धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाजजनों ने विचार विमर्श किया और महिला शाखा की यात्रा संयोजकों का मनोनयन भी किया। शोभायात्रा और वाहन रैली के लिये अलग अलग संयोजक बनाए गए हैं। भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में 24 अप्रैल को वाहन रैली और 26 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दिलीप शर्मा ने बताया कि महिला शाखा की बैठक में घर घर आमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम की समीक्षा करने के साथ ही शोभायात्रा और वाहन रैली के लिए महिला संयोजकों की घोषणा की गई। संतोष शर्मा, गनदेवी पांडेय, पुष्पा व्यास, कविता तिवारी, रेखा शर्मा को शोभायात्रा संयोजक और वाहन यात्रा के लिए कोमल शर्मा, रश्मि शर्मा, रेखा शर्मा, ज्योति नागर और ज्योति शर्मा को संयोजक बनाया गया है। बैठक में महिला शाखा जिलाध्यक्ष चेतना शर्मा सहित बड़ी संख्या मातृशक्ति उपस्थित रही।

बैठक में प्राकट्योत्सव की तैयारियां की समीक्षा भी की गई।

घर घर जाकर बांट रहे आमंत्रण

प्राकट्योत्सव में समाजजन अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। इसके लिए समाज के पदाधिकारी व युवा, वरिष्ठ घर घर जाकर आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं।यह कार्य 19 मार्च से प्रारंभ हुआ है, अब तक 250 से अधिक परिवारों को आमंत्रित किया जा चुका है। शहर में समाज के 1200 से अधिक परिवार निवासरत हैं। आसपास के ग्रामों से भी समाजबंधुओं को आमंत्रित किया जाएगा।

परशुराम सेना करेगी वाहन यात्रा का नेतृत्व...

इस वर्ष वाहन यात्रा श्री परशुराम सेना के नेतृत्व में निकाली जाएगी एवं भगवान के परशुराम जी की शोभायात्रा के लिए बैठक में पंडित गौरव दुबे, अरूण शर्मा सरपंच बमोरी और अरुण शर्मा ग्राम बरवाल को शोभायात्रा संयोजक नियुक्त किया गया है। सर्व ब्राह्मण समाज ने पूरे शाजापुर को आठ वार्डों में विभक्त कर समस्त आठ वार्डो के प्रभारी नियुक्त किए गए।

मुख्य मार्गों से निकलेगी शेभायात्रा...

26 अप्रैल को शोभायात्रा बालवीर हनुमान मंदिर वजीरपुरा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुणे बालवीर हनुमान मंदिर पर ही जिसका समापन होगा और यात्रा समापन के पश्चात समस्त विप्र बंधुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व दिनांक 24 अप्रैल शुक्रवार के दिन विशाल वाहन यात्रा निकाली जाएगी, जो राज राजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए भगवान श्री परशुराम मंदिर दुपाड़ा रोड पर समाप्त होगी। वाहन यात्रा के पश्चात भगवान श्री परशुराम जी की महाआरती होगी एवं प्रसाद वितरण होगा।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज, होंगे कई कार्यक्रम

शुजालपुर। दिगंबर जैन समाज द्वारा शासन नायक भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार 30 मार्च को भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाजजनों में आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव के तहत भव्य शोभायात्रा बड़े मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से निकलेगी।

यह शोभायात्रा एसबीआई बैंक, रोकड़िया मंदिर, निर्माणाधीन जिनालय, एटीएम चौराहा एवं मिर्ची बाजार मार्ग से होते हुए पुन: निर्धारित स्थल तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ सहभागिता करेंगे। इसके बाद जिनेंद्र भगवान का अभिषेक, ध्वजारोहण, पालना झुलाना एवं जिनेंद्र आरती जैसे धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। नवीन जिनालय के फ्रंट एलिवेशन का विमोचन भी किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत आओ प्रकृति को लौटाएं कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। योग एवं पर्यावरण समिति के प्रमुख खुशाल जैन के नेतृत्व में समाजजन 180 पौधों के रोपण का संकल्प लेंगे। संध्याकालीन कार्यक्रमों में 48 दीपकों से भक्तामर स्तोत्र का पाठ, महाआरती, चातुर्मास कलश वितरण एवं गरबा भक्ति सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक योगेंद्र जैन, श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सचिन जैन टेंट एवं महामंत्री सुनील जैन संगीत सहित समाजजन सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आयोजन का उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज एवं देश को सही दिशा प्रदान करना है। यह जानकारी दिगंबर जैन मीडिया प्रभारी एवं नवीन मंदिर निर्माण समिति के महामंत्री खुशाल जैन ने दी।

जनगणना 2027 के लिए तृतीय दिवस प्रशिक्षण

शाजापुर। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर ऋजु बाफना की निर्देशन में भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर एवं चार्ज अधिकारी के प्रशिक्षण के तीसरे व अंतिम दिवस मकानों के सूचीकरण एवं मकानों के गणना के दौरान प्राप्त जानकारी की गोपनीयता, डेटा की सुरक्षा, प्रश्न पूछने की विधियों, समय रखी जाने वाली सावधानी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर की प्रविष्टि करने के लिए फील्ड विजिट भी करवाई गई।उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स भोपाल से आई सुश्री साक्षी कुमावत व डॉ।वीपी मीणा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मिलिन्द देशपाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, शुजालपुर राजकुमार हलदर, गुलाना सुश्री नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा व श्रीमती अंकिता पाटकर आदि उपस्थित थे।

योजना-अधिकारों की जानकारी से लाभान्वित हुए सैकड़ों लोग

मेगा विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

शाजापुर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा रविवार को गायत्री मंदिर परिसर में एक दिवसीय मेगा विधिक आउटरीच एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं सचिव नमिता बौरासी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला न्यायाधीशगण जितेंद्र कुमार पाराशर, दिनेश नोटिया एवं प्रेमलता जितेंद्र गोयल, शिखा शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शिविर में आमजन विशेषकर वंचित एवं कमजोर वर्गों को उनके विधिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर मौके पर पंजीयन एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। साथ ही मध्यस्थता 2.10 अभियान एवं सामुदायिक मध्यस्थता के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय की सरल एवं नि:शुल्क पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने आमजन से ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता कर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

शिविर के अंत में आयोजित सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि आनंद कुमार तिवारी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शील्ड, प्रमाणपत्र एवं लेखन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं जागरूकता का संचार हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों, पैरा लीगल वालंटियर्स एवं सहयोगी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में सचिव नमिता बौरासी द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

एक नजर में

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम

आपदा के समय ग्रामीणों को सजग और सक्षम बनाना उद्देश्य

शाजापुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को आपदा के समय सजग एवं सक्षम बनाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायसिंह मालवी भाजपा जिला महामंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश पाल भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथियों में रामेश्वर सरपंच प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णुप्रसाद नागर, पुखराज पटेल वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, भारतीय किसान संघ जिला उपाध्यक्ष दिनेश कलमोदिया, श्रीमती रेखा गुर्जर आशा कार्यकर्ता सुपरवाइजर, श्रीमती कविता शर्मा तथा रामकिशन राजपूत उपस्थित रहे।

आपदा प्रबंधन प्लानिंग के महत्व पर प्रकाश डाला

सभी अतिथियों ने आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संचालन परामर्शदाता श्रीमती कामिनी शर्मा ने किया। आभार महेश भारती ने माना।

बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी

कार्यक्रम जिला समन्वयक विष्णुप्रसाद नागर द्वारा भूकंप, आग, बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के उपाय भी सिखाए गए। वर्तमान आपदा पर भी चर्चा करते हुए उन्होंने ईरान-इजराइल, अमेरिका युद्ध से प्रभावित गैस पेट्रोल डीजल की अफवाह पर ध्यान न देते हुए सरकार की गाइडलाइन का पालन करना चाहिए। सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए। हमें सरकार की बात को समझना चाहिए।

सूर्या जल मंदिर का शुभारंभ

शाजापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शाजापुर के अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाजापुर वार्ड क्रमांक द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम अंतर्गत सूर्या जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक बसंत रावत तथा विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अशोकनाथ योगी, गोकुलसिंह पंवार, बाबुलाल सोलंकी, सभापति प्रतिनिधि सतीश राठौर, कोमल मैहर, अशोक सोनी, राजेन्द्र व्यास, तृप्ती सोनी उपस्थित थे। अध्यक्षता नगर विकास समिति के अध्यक्ष मंगल नाहर ने की। इस दौरान सर्वप्रथम प्याऊ का शुभारंभ विधिवत रूप से जल पात्रों का पूजन कर किया गया। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण एवं जनसेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति सचिव चंचल नाथ योगी ने किया। आभार सुनील वर्मा ने माना।